<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–03 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, कहा–विवाद की स्थिति में तहरीर की प्रतीक्षा किये बिना तुरंत उठाएं आवश्यक कदम, संदिग्धों पर की जाए निषेधात्मक कार्रवाई।
- अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में राम दरबार सहित चौदह विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान से जुड़े कार्यक्रम शुरू, पांच जून को दोपहर में आयोजित होगा मुख्य कार्यक्रम।
- प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के माध्यम से सुदृढ़ की जाएगी पुलिसिंग, पुलिस महानिदेशक ने कहा–प्रदेशवासियों और पुलिसकर्मियों का कल्याण है प्रथम प्राथमिकता।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को जागरूक करने के लिए विविध कार्यक्रमों के आयोजन जारी ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था, जनसुनवाई व्यवस्था और आगामी पर्व त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसी भी क्षेत्र में विवाद की स्थिति में तहरीर की प्रतीक्षा किये बिना आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाएं। साथ ही प्रतिबंधित पशुओं को काटने, परंपरा से हट कर कार्य करने और अराजकता फैलाने वालों की सूची तैयार कर संदिग्धों पर निषेधात्मक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने बकरीद को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि बकरीद की कुर्बानी के लिए पूर्व निर्धारित स्थल चिन्हित हो। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो और नमाज परम्परागत स्थलों पर ही हों। मुख्यमंत्री ने बर्ड फ्लू से बचाव के लिए सभी एहतियाती कदम उठाने के भी निर्देश दिए और लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने गंगा दशहरा की तैयारियां पूरी करने, सभी जिलों में सिविल डिफेंस इकाई के गठन, सभी विभागों में पब्लिक ग्रीवांस ऑफिसर तैनात किये जाने, अवैध स्लॉटर हाउस और खुले में मांस बिक्री पर रोक के साथ साथ निर्बाध बिजली आपूर्ति के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये।

**********

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान से जुड़े कार्यक्रम कल से शुरू हो गये। इस क्रम में कल प्रायश्चित कर्म पूजन हुआ और शाम को सरयू तट से श्री रामलला के मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। आज प्राण प्रतिष्ठा का पूजन है। मुख्य कार्यक्रम पांच जून को दोपहर ग्यारह बजे अभिजीत मुहूर्त में शुरू होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

इस बीच, संवाददाताओं से बात करते हुए श्री राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने लोगों से अपील की कि प्राण प्रतिष्ठा सार्वजनिक आयोजन नहीं है, इसलिए इसमें शामिल होने के लिए लोग अयोध्या ना आएं। हालांकि श्रीरामलला के दर्शन करने वाले लोग सामान्य रूप से दर्शन कर सकते हैं।

**प्रथम तल पर राम दरबार में भी दर्शन के लिए जनता अभी नहीं जा सकेगी। उसकी पद्धति, उसका समय, उसकी पूर्व तैयारी ये सब करने में हमें कुछ समय लगेगा। परकोटा के छह मंदिरों में भी अभी जनता के भक्तों के दर्शनार्थियों के दर्शन की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।**

श्रीराममंदिर परिसर में राम दरबार सहित चौदह विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है।

**********

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने कल जेईई एडवांस्ड परीक्षा दो हजार पचीस के परिणाम घोषित कर दिए। परीक्षा में कोटा के रजित गुप्ता ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। वहीं मेरठ के वेदांश गर्ग ने देश में तेरहवीं रैंक प्राप्त की है। अड़सठवीं रैंक हासिल करने वाले लखनऊ के श्रेयस लोहिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने आईआईटी करने के इच्छुक विद्यार्थियों को सलाह दी कि पूरी मेहनत के साथ तैयारी करें और खुद पर भरोसा रखें।

**इसका श्रेय मैं तो खुद को अपने मम्मी पापा को टीचर्स को सबको ही देना चाहूँगा क्योंकि सबने मतलब इसके लिए मेहनत की है और इसके लिए मैंने दो साल तक मेहनत की है और जो लोग अभी आगे भी इसकी तैयारी कर रहे हैं उनके लिए मैं यही कहना चाहूँगा की इंटरेस्ट के साथ पढ़ाई करे और कोई भी दो साल में क्वनइज आने दे तुरंत क्लियर कर ले।**

**********

पंद्रह जून को प्रस्तावित नीट पीजी परीक्षा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह फैसला सर्वोच्च न्यायालय के नीट पीजी परीक्षा को एक ही पाली में कराने के आदेश के बाद आया है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने कहा है कि एक

ही पाली में परीक्षा कराने के लिए अधिक केंद्रों और इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता होगी। इसी वजह से परीक्षा को फिलहाल स्थगित किया गया है।

**********

प्रदेश के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने कहा है कि प्रदेशवासियों और पुलिस कर्मियों का कल्याण उनकी प्राथमिकता है। वह कार्यभार ग्रहण करने के बाद कल पहली बार संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ पुलिस लगातार काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध पर लगाम लगाने के साथ ही पुलिसिंग को सुदृढ़ बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई का व्यापक इस्तेमाल किया जाएगा।

**साइबर अपराधों की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है और इस दिशा में और ज्यादा एफिशिएंट और इफेक्टिव काम करना हमारी एक प्राथमिकता होगी और उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए इसको और मजबूत किया जाएगा। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी सेवाएं नागरिकों की जरूरत के हिसाब से सुलभ हों और कुशल हो। हमारे जो संचालन की दक्षता है, हमारे काम करने की जो फिशिएंसी है और जो प्रभावशीलता है उसको बढ़ाने के लिए हम टेक्नोलॉजी का और विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का व्यापक उपयोग करेंगे।**

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल हापुड़ जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषि विभाग के अधिकारियों, वैज्ञानिकों और किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री ने बताया कि बारह जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य विशेषज्ञों और किसानों को एक मंच पर लाकर खेती के नए तरीकों और नई तकनीक के बारे में जागरुकता फैलाना है, जिससे पैदावार को बेहतर बनाया जा सके।

अभियान के तहत कल बदायूं जिले के नौ गांवों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। चंदौली जिले में संगोष्ठी का आयोजन कर किसानों को तकनीकी जानकारी दी गई। अमरोहा जिले के नौ गांवों में विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों द्वारा किसानों से सीधा संवाद किया गया। वहीं, शामली जिले में अलग अलग गांवों में गोष्ठियों के माध्यम से कृषि वैज्ञानिक किसानों को जागरूक कर रहे हैं।

**********

मानसून से पहले प्रदेश भर में बाढ़ से बचाव की तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कल अयोध्या पहुंचकर बाढ़ संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पंद्रह जून से पहले सभी परियोजनाएं पूरी कर ली जाएंगी, जिससे बाढ़ से बचाव के साथ ही सिंचाई के सीजन में किसानों को पर्याप्त पानी भी मिल सके।

**********

भारत के निरंतर प्रयासों के तहत ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के खिलाफ भारत की सिद्धांतवादी और दृढ़ निश्चयी नीति के अनुरूप विभिन्न देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल यात्रा कर रहा है। एनसीपी–एससीपी सांसद सुप्रिया सूले के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कल मिस्र के काहिरा में मिस्री संसदीय सदन के सदस्यों के साथ चर्चा की। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने यूनाइटेड किंगडम में होर्नसी और फ्रियरन बर्नेट के सांसद कैथरीन वेस्ट से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ अपने संकल्प को दोहराया।

**लगभग 25–30 इंग्लैंड के विभिन्न थिंक टैंक के लोग आए थे। ऑक्सफोर्ड कैम्ब्रिज के प्रोफेसर आए थे। बहुत खुलकर बातचीत हुई और सबों ने भारत के आतंकवाद पर हुए कार्रवाई की सराहना की और यह भी बताया कि आतंकवाद एक बहुत ही चिंताजनक बात है और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आज दुनिया को इसके बारे में एकरूप से सोचने की जरूरत है।**

**********

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंद्रह जून से इक्कीस जून तक पूरे प्रदेश में योग सप्ताह मनाया जाएगा। इस बार योग के सिद्धांतों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए एक नई पहल भी शुरू की गई है। इसमें प्राकृतिक स्थानों पर योगाभ्यास के साथ–साथ वृक्षारोपण और सफाई अभियानों को भी जोड़ा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन में प्रदेश के चार हजार से अधिक स्थानों पर इक्कीस जून को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम होंगे।

**********